श्याम प्रभु मेरे पर भी कृपा कर दो ना

जय श्री श्याम जय श्री श्याम जय श्री श्याम...

श्याम प्रभु मेरे पर भी कृपा कर दो ना,
झोली मेरी खाली बाबा अब तो भर दो ना,
कि कृपा कर दो ना कि झोली भर दो ना.....

मैं रोज तेरे दर आता हूं कभी मेरे घर भी आया करो,
खाटू में बुलाकर सांवरिया अपना दर्शन दिखलाया करो,
इतनी सी बात मेरी पूरी कर दो ना,
झोली मेरी खाली बाबा अब तो भर दो ना,
कि कृपा कर दो ना कि झोली भर दो ना.....

तीन शीशियां इत्र की तेरे दर पर लेकर मैं आऊ,
दो तुम्हें चढ़ा दूं सांवरिया एक वापस घर को ले आऊ,
इत्र के जैसी बाबा खुशबू कर दो ना,
झोली मेरी खाली बाबा अब तो भर दो ना,
कि कृपा कर दो ना कि झोली भर दो ना.....

अभी लिखता है तेरा सांवरिया तेरी कृपा से ही गाता है,
तेरे प्रेमी के संग कीर्तन में तेरे भजनों को सुनाता है,
लिखता रहूं मेरे बाबा ऐसा वर दो ना,
झोली मेरी खाली बाबा अब तो भर दो ना,
कि कृपा कर दो ना कि झोली भर दो ना.....

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/27375/title/shyam-prabhu-mere-par-bhi-kripa-kar-do-na

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |